# IIM Raipur and Academy of Digital Health Sciences Announce the 4th Batch of Digital Health Programmes

# Or

# Bolstering the Future of Indian Digital Health, IIM Raipur and Academy of Digital Health Sciences Announce Digital Health Programmes

**Editor's Synopsis**

- **IIM Raipur and Digital Health Sciences have announced the fourth batch of the PGCPDH and DPDH programs.**
- **Registration for both these programmes commenced on 1st August 2024.**
- **The Certificate Programs cover domains like telemedicine, data analytics, digital health policies, and entrepreneurship.**
- **Mode of the programmes is online with a three-day campus immersion.**

**Raipur, September 18, 2024-** The Indian Institute of Management (IIM) Raipur in collaboration with the Academy of Digital Health Sciences, is thrilled to announce the commencement of the fourth batch of the Post Graduate Certificate Programme in Digital Health (PGCPDH) and Diploma Programme in Digital Health (DPDH). The one-year PGCPDH and DPDH are designed to equip future leaders with a comprehensive understanding of the evolving digital health landscape. Registration for both programmes commenced on 1st August 2024.

The certificate programs will impart in-depth exposure through a curriculum that covers a wide range of medical and technological areas, including telemedicine, data analytics, digital health policies, entrepreneurship, and more, delivered through comprehensive online classes. The participants will be assessed on the basis of a Quiz at the end of each chapter & module Dissertation/ Internship of 4 weeks.

The curriculum is divided into 3 levels- Basic Level: Theoretical aspects of digital health, Advanced Level: Technological & management aspects of digital health and Professional Level: Application aspects of digital health with use cases.

Prof. Ram Kumar Kakani, Director of IIM Raipur encouraged the students by stating, "Our partnership with the Academy of Digital Sciences reflects on IIM Raipur's focus on improving Indian Healthcare ecosystem. The programmes co-developed are a perfect blend of technological and traditional knowledge, giving participants the best of both worlds. I would encourage the students to embrace this chance to deepen their knowledge, expand their networks, and build themselves as a future leader in this transformative field."

Aspiring candidates possessing a graduation degree or its equivalent with the age of 25 years as on February 2024 can apply for the Diploma Programme in Digital Health. It is to be noted that applicants with professional degrees are exempted from the minimum age

criteria. As part of the PGCPDH and DPDH, participants will have the opportunity to attend a three-day personal immersion programme at IIM Raipur offering them hands-on learning and networking opportunities.

As for admission in PG Certificate Programme in Digital Health, candidates possessing Graduation degree or its equivalent with work experience of minimum two years as Doctors, Healthcare Professionals, Managers working in Healthcare Settings Paramedics & Allied Healthcare Professionals, Healthcare IT Professionals, Med-tech Professionals, Pharmaceutical Industry Professionals, Clinical Informatics Professionals, Hospital Administrators Academicians & Researchers in Healthcare, Healthcare Consultants/ Advisors, Healthcare Policy Makers, Public Sector Leaders, Community Health Centre Heads, and Primary Health Centre Heads can apply.

Endorsed by the International Society for Telemedicine & eHealth (ISfTeH), Switzerland, and the European Connected Health Alliance (ECHAlliance), these initiated programs open up a wide scope for students in terms of career growth. Consequently, empowering future leaders to spearhead positive change and drive transformative advancements in the healthcare sector.

Building Business Owners



**भारतीय प्रबन्ध संस्थान रायपुर और डिजिटल हेल्थ साइंसेज अकादमी ने डिजिटल हेल्थ कार्यक्रमों के चौथे बैच की घोषणा की**

**या**

**भारतीय डिजिटल हेल्थ के भविष्य को मजबूत करते हुए, भा .प्र.सं.रायपुर और डिजिटल हेल्थ साइंसेज अकादमी ने डिजिटल हेल्थ कार्यक्रमों की घोषणा की**

**संपादक की संक्षिप्त जानकारी**

**भा.प्र.सं. रायपुर और डिजिटल हेल्थ साइंसेज ने पीजी सीपिडीएच और डीपिडीएच कार्यक्रमों के चौथे बैच की घोषणा की है।**

**दोनों कार्यक्रमों के लिए पंजीकरण 1 अगस्त 2024 से शुरू हो चुका है।**

**सर्टिफिकेट कार्यक्रमों में टेलीमेडिसिन, डेटा एनालिटिक्स, डिजिटल स्वास्थ्य नीतियां, और उद्यमिता जैसे क्षेत्र शामिल हैं।**

**कार्यक्रम ऑनलाइन हैं और इसमें तीन दिवसीय कैंपस इमर्शन भी शामिल है।**

रायपुर, सितंबर 18, 2024- भारतीय प्रबन्ध संस्थान (भा.प्र.सं.) रायपुर ने डिजिटल हेल्थ साइंसेस अकादमी के सहयोग से डिजिटल हेल्थ में पोस्ट ग्रेजुएट सर्टिफिकेट प्रोग्राम (पीजीसीपिडीएच) और डिप्लोमा प्रोग्राम (डिपिडीएच) के चौथे बैच की शुरुआत की घोषणा की है। यह एक वर्षीय पीजीसीपिडीएच और डिपिडीएच प्रोग्राम भविष्य के नेताओं को डिजिटल स्वास्थ्य के बदलते परिदृश्य की व्यापक समझ प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। दोनों कार्यक्रमों के लिए पंजीकरण 1 अगस्त 2024 से शुरू हो चुका है।

यह सर्टिफिकेट प्रोग्राम प्रतिभागियों को एक व्यापक पाठ्यक्रम के माध्यम से गहन जानकारी प्रदान करेगा, जिसमें टेलीमेडिसिन, डेटा एनालिटिक्स, डिजिटल स्वास्थ्य नीतियां, उद्यमिता और अन्य चिकित्सा और तकनीकी क्षेत्र शामिल हैं। ये सभी विषय ऑनलाइन कक्षाओं के माध्यम से सिखाए जाएंगे। प्रतिभागियों का मूल्यांकन प्रत्येक अध्याय के अंत में क्विज़ और 4 सप्ताह की डिज़र्टेशन/इंटर्नशिप के आधार पर किया जाएगा।

पाठ्यक्रम को तीन स्तरों में विभाजित किया गया है-

1. बेसिक स्तर: डिजिटल हेल्थ के सैद्धांतिक पहलू

2. एडवांस्ड स्तर: डिजिटल हेल्थ के तकनीकी और प्रबंधन पहलू

3. प्रोफेशनल स्तर: डिजिटल हेल्थ के उपयोग के मामलों के साथ व्यावहारिक पहलू।

भा.प्र.सं. रायपुर के निदेशक प्रो. राम कुमार काकानी ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा, "डिजिटल साइंसेस अकादमी के साथ हमारी भागीदारी भा.प्र.सं. रायपुर के भारतीय स्वास्थ्य तंत्र को बेहतर बनाने पर केंद्रित

दृष्टिकोण को दर्शाती है। सह-विकसित कार्यक्रम तकनीकी और पारंपरिक ज्ञान का सही मिश्रण हैं, जो प्रतिभागियों को दोनों क्षेत्रों का सर्वश्रेष्ठ प्रदान करते हैं। मैं छात्रों को प्रोत्साहित करूंगा कि वे इस अवसर को अपनाएं, अपनी जानकारी को गहरा करें, अपने नेटवर्क का विस्तार करें, और इस परिवर्तनकारी क्षेत्र में खुद को भविष्य के नेता के रूप में स्थापित करें।"

डिप्लोमा प्रोग्राम में आवेदन करने के इच्छुक उम्मीदवार जिनके पास फरवरी 2024 तक 25 वर्ष की आयु और स्नातक डिग्री या उसके समकक्ष योग्यता है, वे आवेदन कर सकते हैं। यह ध्यान देने योग्य है कि जिन आवेदकों के पास प्रोफेशनल डिग्री है, उन्हें न्यूनतम आयु सीमा से छूट दी गई है। पीजीसीपिडीएच और डिपिडीएच के हिस्से के रूप में, प्रतिभागियों को भा.प्र.सं. रायपुर में तीन दिवसीय व्यक्तिगत इमर्शन कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर मिलेगा, जहाँ उन्हें व्यावहारिक अनुभव और नेटवर्किंग के अवसर प्राप्त होंगे।.

डिजिटल हेल्थ में पोस्ट ग्रेजुएट सर्टिफिकेट प्रोग्राम में प्रवेश के लिए, वे उम्मीदवार जिनके पास स्नातक डिग्री या उसके समकक्ष योग्यता है और स्वास्थ्य क्षेत्र में न्यूनतम दो वर्षों का कार्य अनुभव है, जैसे डॉक्टर, हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स, स्वास्थ्य सेटिंग्स में काम करने वाले प्रबंधक, पैरामेडिक्स और संबद्ध हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स, हेल्थकेयर आईटी प्रोफेशनल्स, मेड-टेक प्रोफेशनल्स, फार्मास्युटिकल इंडस्ट्री प्रोफेशनल्स, क्लिनिकल इन्फॉर्मेटिक्स प्रोफेशनल्स, अस्पताल प्रशासक, स्वास्थ्य क्षेत्र में काम करने वाले शिक्षाविद और शोधकर्ता, हेल्थकेयर कंसल्टेंट/सलाहकार, स्वास्थ्य नीति निर्माता, सार्वजनिक क्षेत्र के नेता, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रमुख और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रमुख, आवेदन कर सकते हैं।

इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर टेलीमेडिसिन एंड ई-हेल्थ (आई एस एफ टी एच), स्विट्जरलैंड, और यूरोपियन कनेक्टेड हेल्थ एलायंस (ई सी एच एलायंस) द्वारा समर्थित इन कार्यक्रमों से छात्रों के लिए करियर में उन्नति के व्यापक अवसर खुलते हैं। इसके परिणामस्वरूप भविष्य के नेताओं को स्वास्थ्य क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव और परिवर्तनकारी प्रगति को आगे बढ़ाने का सशक्त अवसर मिलेगा।